प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

14 मार्च , 2021 गोरखपुर।

रोटरेक्ट क्लब गोरखपुर युवा व युथ यूटिल वेलफेयर सोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान मे रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक, गोरखनाथ चिकित्सालय मे किया गया।

ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने इस संस्था को रक्तदान शिविर आयोजन के लिए धन्यबाद देते हुए कहा की रक्तदान को समस्त विश्व मे सबसे बड़ा दान माना गया है। क्योंकि रक्तदान ही है जो ना केवल किसी रोगी का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस रोगी के परिवार के जीवन मे खुशियों के ढेरो रंग भर देता है।रक्तदान महादान है यह दान करने पर मिलने वाली ख़ुशी और संतोष को शब्दो मे बर्णन नहीं किया जा सकता।

डॉ अग्रवाल ने आगे बताया की रक्तदान कर रक्तदाता भी स्वस्थ्य रहता है अनुसंधान से यह पाता चला है की रक्तदान करने से शरीर मे कॉलेस्ट्रॉल तथा अन्य कई प्रकार की चर्बी में कमी आ जाती है फलस्वरूप हृदयघात तथा रक्तचाप जैसी बीमारियो में कमी आ जाती है। और रक्तदान करने पर लगभग 650 कैलोरी ऊर्जा खर्च होता है इससे वजन भी नियंत्रित होता है,रक्तदान के बाद अस्थि मज्जा (Bone Marrow) भी अधिक सक्रिय हो जाता है जो रक्त निर्माण मे सहायक होता है इसके कारण ताज़ा रक्त शरीर मे प्रवाहित होता है एवं ऑक्सीजन का संचार बेहतर रूप में होता है। शरीर अधिक स्वस्थ एवं स्फूर्ति का अनुभव करता है। रक्तदान के बारे मे फैली हुई भ्रान्तिओ पर ध्यान ना देकर खुद को लाभान्वित करें तथा जनमानस मे होने वाली जनहानि को रोकने मे राष्ट्र की सहायता करें। प्रत्येक 3 माह के अंतराल पर रक्दान किया जा सकता है रक्तदान के दौरान जो जांचे होती है उनसे यदि कोई शरीर मे कमी होती है वह भी समय रहते पता चल जाता है जिसका उपचार समय पर किया जा सकता है।

आज इस अवसर पर श्री रत्नेश तिवारी, प्रभात गोयल, शीनू गुप्ता, पल्लवी, सोनल चौरसिया, साधना, अभिलाषा यादव इत्यादि ने रक्तदान किया।

सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र , की चैन,कॉफ़ी मग आदि दिया गया। वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई।